# कार्यालय, प्राचार्य, श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय किशनगढ़

दिनांक :– 27/02/2021




लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा ,
सहायक आचार्य एवं
एन.सी.सी.अधिकारी.

## एन.सी. सी. वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रतिवेदन

**(दिनांक 22.02.2021 से दिनांक 26.02.2021 तक)**

श्री रतनलाल कँवरलाल पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय किशनगढ़ में 11 राज बटालियन एनसीसी, अजमेर के तत्वाधान में एनसीसी कैडेट्स का पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया | यह शिविर दिनांक 22.02.2021 से दिनांक 26.02.2021 तक आयोजित हुआ | इस शिविर में स्थानीय महाविद्यालय के साथ-साथ सैंट विलफ्रेड कॉलेज अजमेर व भवानी इंस्टीट्यूट मकराना के एनसीसी कैडेट्स भी सम्मिलित होंगे ,जिनकी कुल संख्या 174 है | उक्त शिविर के उद्घाटन सत्र में 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल लखविंदर सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया | उन्होंने अपने संबोधन में ने कहा कि कैडेट्स हमेशा राष्ट्र सेवा को तत्पर रहते हैं ,वह सैनिक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर सकते हैं | इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर शिव रतन डागा ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया | उन्होंने कहा एनसीसी कैडेट्स देश के सर्वांगीण विकास में अहम योगदान दे सकते हैं ,उन्हें अनुशासित रहकर अपने दायित्वों को पूरा करना चाहिए |

इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स को भारतीय थल सेना से संबंधित .22 राइफल की जानकारी , SLR राइफल की जानकारी ,फायरिंग पोजीशन , युद्ध कौशल, मैप रीडिंग , बैटल ड्रिल , ड्रिल, मैप रीडिंग, भारतीय सेना की कोर कमांड , नो सेना व वायु सेना से संबधित जानकारियां दी गयी |

इसके अलावा सामान्य विषयों में आपदा प्रबंधन , स्वच्छता एवं स्वास्थ्य , व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व गुण , सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता , सम्प्रेषण कौशल से संबंधित विषयों पर दक्ष

वक्ताओं के रूप में महाविधालय की सह आचार्य डॉक्टर अलका पारीक , डॉक्टर अलका जैन व सहायक आचार्य श्री भजन लाल जी ने जानकारी दी |

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण कर्नल बीपी फर्नांडिस ने किया निरीक्षण के दौरान कर्नल बीपी फर्नांडिस के साथ सूबेदार मेजर राजेश्वर सिंह वह लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा साथ थे | कर्नल बीपी फर्नांडिस एनसीसी कैडेट्स की को दी जा रही ट्रेनिंग से संतुष्ट नजर आए |

इसके पश्चात शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया | समापन सत्र के मुख्य अतिथि 11 राज बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल बीपी फर्नांडिस थे | कर्नल बीपी फर्नांडिस ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा की एनसीसी कैडेट्स को भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए उन्हें जीवन के प्रत्येक परीक्षा में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करना चाहिए और देश सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए | समापन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर शिव रतन डागा जी ने भी संबोधित किया , उन्होंने कैडेट्स को भारतीय सेना से अनुशासन सीखने की सीख दी , उन्होंने बताया कि भारतीय फौज अनुशासित रहकर ही हर असंभव कार्य को संभव कर सकती है | इसके पश्चात इस पांच दिवसीय कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया जिसके अंतर्गत नेतृत्व गुणों के लिए स्थानीय महाविद्यालय के अंडर ऑफिसर नरेंद्र कुमार , भवानी इंस्टीट्यूट मकराना के सीनियर अंडर ऑफिसर यशवंत सिंह राठौड़ और सैंट विलफ्रेड कॉलेज अजमेर के नीरज राठौर को पुरस्कृत किया गया | इसी क्रम में ड्रिल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर अंडर ऑफिसर किरण जाट , कैडेट पूजा जाट और कैडेट चुका देवी को पुरस्कृत किया गया | अगले क्रम में बेस्ट वेपन ट्रेनिंग में कैडेट प्रधान जाट,कैडेट सरोज चौधरी कैडेट मोनिका चौधरी और कैडेट सुनील को पुरस्कृत किया गया तथा ओवरऑल कैंप में गतिविधियों के लिए कैडेट दुर्गा लाल गुर्जर और कैडेट अभिजीत सिंह को पुरस्कृत किया गया अंत में स्थानीय महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया | समापन सत्र में 11 राज बटालियन के सूबेदार प्रताप सिंह , नायक सूबेदार देवकरण जाखड़, बीएचएम सुनील तारडे ,हवलदार मांगूराम , संजय सिंह, राकेश सिंह तथा सैंट विलफ्रेड कॉलेज के केयरटेकर अधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ भी मौजूद थे | कार्यक्रम का संचालन कैडेट दुर्गा लाल गुर्जर और कैडेट अभिजित सिंह ने किया |

# शिविर के छायाचित्र



(Rajasthan Directorate)


NATIONAL CADET CORPS
11 RAJ Bt. NCC Ajmer
(Rajasthan Directorate)
Annual Training Camp
Date: 22-02-2021 to 26-02-2021
SHRI RATANLAL KANWARLAL PATNI GOVERNMENT P.G.COLLEGE
KISHANGARH















RAJ Bt. NCC Ajmer
(Rajasthan Directorate)
KISHANGARH
NATIONAL CADET CORPS




NATIONAL CADET CORPS
11 RAJ Bt. NCC Ajmer
(Rajasthan Directorate)
Annual Training Camp
ANNUAL TRG CAMP 2020-21
FROM 22 TO 26 FEB 2021




NATIONAL CADET CORPS
11 RAJ Bt. NCC Ajmer
(Rajasthan Directorate)
Annual Training Camp
Date: 22-02-2021 to
SHRI RATANLAL KANWARLAL


NATIONAL CADET CORPS
11 RAJ Bt. NCC Ajmer
(Rajasthan Directorate)
Annual Training Camp


NATIONAL CADET CORPS
11 RAJ Bt. NCC Ajmer
(Rajasthan Directorate)
Annual Training Camp
KISHANGARH




# मीडिया कवरेज

## सीखा राइफल और एसएलआर चलाना

### एनसीसी कैडेट्स का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



किशनगढ़ के आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स।

**मदनगंज-किशनगढ़.** आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय 11 वीं राज बटालियन एनसीसीए अजमेर के तत्वावधान में एनसीसी कैडेट्स का पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सोमवार से शुरू हुआ।

यह शिविर 26 फरवरी तक रहेगा। शिविर के उद्घाटन सत्र में 11 वीं राज बटालियन एनसीसी अजमेर के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल लखविंदर सिंह ने एनसीसी कैडेट्स से कहा कि कैडेट्स हमेशा राष्ट्र सेवा को तत्पर रहते हैं एवं वह सैनिक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने महाविद्यालय अध्ययन के साथ-साथ एनसीसी के पाठ्यक्रम को पढ़ने पर भी जोर दिया, ताकि उन्हें एनसीसी के प्रमाण पत्र परीक्षा में अच्छी ग्रेडिंग मिल सके। प्राचार्य शिवरतन डागा ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को अनुशासित रहकर अपने दायित्वों को पूरा करना चाहिए।

कॉलेज के सहायक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स को भारतीय थल सेना से संबंधित 22 राइफल, एसएलआर राइफल, फयरिंग पोजिशन, युद्ध कौशल, मैप रीडिंग, बैटल ड्रिल, ड्रिल समेत सामान्य विषयों में आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व गुण, सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता से संबंधित विषयों पर जानकारी दी जाएगी। शिविर में स्थानीय कॉलेज के साथ सेंट विलफ्रेड कॉलेज अजमेर व भवानी इंस्टीट्यूट मकराना के एनसीसी कैडेट्स समेत कुल 174 संख्या रहेगी। उद्घाटन सत्र में 11 बटालियन एनसीसी के सूबेदार रामचंद्र, नायब सूबेदार जाखड़, बीएचएम सुनील तारडे, हवलदार मांगूराम, राकेशसिंह व संजय सिंह मौजूद रहे। इनके अतिरिक्त सेंट विलफ्रेड अजमेर व भवानी इंस्टीट्यूट मकराना के केयरटेकर अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैडेट्स ने किया योगाभ्यास

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



किशनगढ़ के आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त करती एनसीसी कैडेट्स। पत्रिका

**मदनगंज-किशनगढ़.** आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 11 वीं राज बटालियन एनसीसी अजमेर के तत्वावधान में एनसीसी कैडेट्स का पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को योगाभ्यास कराया गया।

एनसीसी कैडेट्स को योगाभ्यास कराया गया और इसके बाद बीएचएम सुनील तारडे ने कैडेट्स को पॉइंट 22 राइफल और एसएलआर राइफल को खोलना और पुनः जोड़ने के साथ ही उसके रखरखाव की जानकारी दी गई और समझाया गया।

इसके बाद कैडेट्स ने खुद भी इसका अभ्यास किया। दूसरे कालांश में नायब सूबेदार देवकरण जाखड़ ने युद्ध कौशल से संबंधित जानकारी दी और उन्होंने बताया कि युद्ध के मैदान में दुश्मन सैनिक से किस तरह बचते हुए आक्रमण करने की बारिकी से जानकारी दी। सेंट विलफ्रेड कॉलेज अजमेर के केयरटेकर अधिकारी विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय एकता के विषय पर व्याख्यान दिया और स्थानीय महाविद्यालय के सहायक आचार्य भजनलाल ने व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान दिया। सहायक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा एवं 11 वीं राज बटालियन एनसीसी के सूबेदार रामचंद्र और हवलदार मांगूराम समेत संजयसिंह व राकेश उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने सीखा राइफल खोलना

## पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मदनगंज-किशनगढ़







आरके पाटनी महाविद्यालय में 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स को मंगलवार को योगाभ्यास करवाया गया। बीएचएम सुनील तारड़े ने कैडेट्स को पाइंट 22 राइफल व एसएलआर राइफल को खोलने व जोड़ने के साथ ही रखरखाव की जानकारी दी। जिसका कैडेट्स ने अभ्यास भी किया। नायक सूबेदार देवकरण जाखड़ ने युद्ध कौशल से संबंधित जानकारी दी। इसके पश्चात् सेन्ट विल्फ्रेड कॉलेज अजमेर के केयरटेकर विक्रमसिंह ने राष्ट्रीय एकता विषय पर व्याख्यान दिया। सहायक आचार्य भजनलाल ने व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान दिया। इस दौरान महाविद्यालय के सहायक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेन्द्रकुमार वर्मा व 11 राज बटालियन एनसीसी के सूबेदार रामचन्द्र, हवलदार मांगूराम, संजयसिंह व राकेश मौजूद थे।

### स्काउट गाइड से बढ़ती सेवा की भावना

नसीराबाद। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ की ओर से राजकीय व्यापारिक उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित स्काउट गाइड भवन में बैडल पावेल की जयंती सर्व धर्म प्रार्थना के साथ मनाई गई। कार्यक्रम सीए नवनीत राठी, प्राचार्य सुनीता यादव एवं शिवकुमार शर्मा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। अतिथि नवनीत राठी ने कहा कि स्काउट गाइड के शिविर में भाग लेने से रोचक जानकारियां मिलती है और सेवा की भावना बढ़ती है। समारोह में बालमुकुंद शर्मा, सुशील कपूर, अनीता शर्मा, स्नेहलता मकवाना, उषा विजयवर्गीय ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के तहत देवेंद, विशाल, यस ने स्काउट गाइड एवं समाजसेवा के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।




### एनसीसी कैडेट्स का सम्मान

बिजयनगर। श्री प्राज्ञ महाविद्यालय के 11 राज बटालियन के एनसीसी कैडेट्स ने ब्यावर में पांच दिवसीय शिविर में भाग लिया। शिविर में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यहां सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्राज्ञ कॉलेज सचिव ज्ञानचंद कोठारी, श्री प्रज्ञा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स डायरेक्टर डॉ. नवल सिंह जैन, पुखराज तातेड़, प्राचार्या डॉ. दुर्गा मेवाड़ा आदि ने कैडेट्स को सम्मानित किया। एनसीसी इंचार्ज गोपाल लाल धेडू ने बताया कि शिविर में लेफ्टिनेंट कर्नल लखविंदर सिंह और सूबेदार अजीत सिंह ने कैडेट्स की सराहना की। शिविर में बेस्ट हथियार ट्रेनिंग के लिए गोपाल जाट, नेहा राठौड़, बेस्ट ड्रिल के लिए ममता जाट और बेस्ट डिबेट के लिए आयुष सिंह को मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। ड्रिल के लिए महाविद्यालय के पांच कैडेट्स आयुष सिंह, प्रदीप जाट, गौरव सोनी, निहारिका महावर व ट्विंकल राठौड़ का भी चयन किया गया। प्राचार्या डॉ.मेवाड़ा ने कहा कि भविष्य में कैडेट्स के लिए महाविद्यालय में ही सेना में चयन होने के लिए प्रशिक्षण व शिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध करवाकर हर तरह से सहयोग किया जाएगा।

---

# कैडेट्स राष्ट्र सेवा को रहते हैं तत्पर

मदनगंज किशनगढ़। राजकीय महाविद्यालय में 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर के तत्वाधान में एनसीसी कैडेट्स का पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत सोमवार से हुई। शिविर का उद्घाटन 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल लखविंदर सिंह ने किया। लेफ्टिनेंट कर्नल लखविंदर सिंह ने कहा कि कैडेट्स हमेशा राष्ट्र सेवा को तत्पर रहते हैं व सैनिक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर सकते हैं। लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि शिविर का आयोजन 26 फरवरी तक किया जाएगा। एनसीसी कैडेट्स को भारतीय थल सेना से संबंधित, 22 राइफल की जानकारी, एसएलआर राइफल की जानकारी, फायरिंग पोजीशन, युद्ध कौशल, मैप रीडिंग, बैटल ड्रिल, नेतृत्व गुण, सामाजिक जागरुकता, राष्ट्रीय एकता आदि विषयों पर जानकारी दी जाएगी। प्राचार्य शिव रतन डागा, रामचंद्र, सुनील तारडे, मांगू राम, राकेश सिंह, संजय सिंह आदि उपस्थित थे।









# राष्ट्र व समाज सेवा के लिए तैयार रहें कैडेट्स

## एनसीसी कैडेट्स के पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

न्यूज सर्विस/नवज्योति,
मदनगंज-किशनगढ़

आरके पाटनी महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स के पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार से हुआ। 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर के सहयोग से आयोजित शिविर के उद्घाटन सत्र में प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल लखविंदरसिंह ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कैडेट्स को राष्ट्र सेवा व समाज सेवा के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक के साथ ही सह शैक्षणिक गतिविधियों में एनसीसी में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. शिवरतन डागा ने एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन में रहकर अपने दायित्वों को पूरा करने पर जोर दिया। सहायक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेंद्रकुमार वर्मा ने बताया कि वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स को भारतीय थल सेना से संबंधित 22 राइफल्स, एसएलआर राइफल, फायरिंग पोजिशन, युद्ध कौशल, मैप रीडिंग, बैटल ड्रिल, ड्रिल के अलावा सामान्य विषयों में आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व गुण, सामाजिक जागरूकता व राष्ट्रीय एकता से संबंधित विषयों पर जानकारी दी जाएगी। शिविर में सेंट विल्फ्रेड कॉलेज अजमेर व भवानी इंस्टीट्यूट मकराना सहित कुल 174 एनसीसी कैडेट्स सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में 11 बटालियन एनसीसी के सूबेदार रामचंद्र, नायब सूबेदार जाखड़, बीएचएम सुनील तारडे, हवलदार मांगूराम, राकेशसिंह व संजयसिंह के साथ ही सेंट विल्फ्रेड कॉलेज अजमेर एवं भवानी इंस्टीट्यूट मकराना के केयरटेकर अधिकारी भी मौजूद थे। शिविर का समापन 26 फरवरी को होगा।







### विश्व स्काउट दिवस मनाया

मदनगंज-किशनगढ़। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ किशनगढ़ के तत्वावधान में विश्व स्काउट दिवस व चिंतन दिवस का आयोजन किया गया। बिहारी पोल स्थित स्काउट भवन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अराई तहसीलदार आशीष सोनी, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य सोमदत्त रतावा व व्याख्याता पवन जांगिड़ थे। अतिथियों ने गार्ड ऑफ ऑनर एवं सरस्वती प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सेवा कार्यों हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर जम्बूरी में राजस्थान दल का नेतृत्व करने वाली गाइड्स निकिता राठौड़, संजू खींची व करीना खान को राष्ट्र स्तरीय तथा राबाउमावि व राबामावि गुर्जरवास की गाइड चंचल सोनी, डौली साहू, हेमलता प्रजापत, आरती प्रजापति को राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके स्थानीय संघ सचिव वीरेन्द्रकुमार शर्मा ने स्काउट गाइड को दीक्षा दिलवाई। इस दौरान रोवर्स ने सार्वजनिक स्थल पर बगीचे की सफाई कर पौधों को पानी पिलाया। कार्यक्रम का संचालन निधि शर्मा व निकिता राठौड़ ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय संघ स्काउट गाइड रोवर राकेश प्रजापत, मयंक, अरबाज, आशीष, अजय, रघुनंदन, ललित के साथ ही प्रधानाध्यापिका मृदुला पालीवाल आदि मौजूद थे।

पीसांगन। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्काउट गाइड दे चिंतन दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। स्काउट ट्रेनिंग कमिश्नर नंदकिशोर वैष्णव के आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य किशन लाल वैष्णव की अध्यक्षता व विद्यालय निर्देशक बीएस सिसोदिया की मौजूदगी में आयोजित समारोह में लार्ड बेडन पॉवेल के जीवन पर प्रकाश डाला गया। अतिथियों ने स्काउटिंग गतिविधियों की जानकारी देते हुए विभिन्न सोपानो के पाठ्यक्रम को जानकारी दी। छात्र शिवराज चौधरी एवं छात्रा ममता कुमावत ने हिंदी दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान तृतीय सोपान प्राप्त स्काउट गाइड को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वहीं राज्य पुरस्कार प्राप्त करने की जानकारी एवं पाठ्यक्रम से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय सिंह ने किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ एवं राज राजेश्वर सिंह, गीता कंवर ,दीपिका चंद्रकला, नितेश डिया ,किशन चन्द्र पटवा, दीपक साहू आदि मौजूद थे।

देवली। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ देवली द्वारा सोमवार को स्काउट गाइड के जनक स्टीफन बेडेन पावेल का जन्म दिवस विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय कार्यालय पर पावेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जीवनी एवं उनके स्काउट गाइड में योगदान को याद किया। इस अवसर पर स्थानीय संघ के सचिव द्वारका प्रसाद प्रजापति, कोषाध्यक्ष खेमराज मीणा, कटर मास्टर जगदीश गुर्जर, मुकेश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# 'भविष्य के लिए हमेशा तैयार रहें कैडेट'

## वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**मदनगंज-किशनगढ़.** आरके पाटनी पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 11 वीं राज बटालियन एनसीसीए अजमेर के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का कर्नल बीपी फर्नांडिस ने निरीक्षण किया।

इस दौरान कार्नर बीपी फर्नांडिस के साथ सूबेदार मेजर राजेश्वरसिंह, लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा साथ रहे। कॉर्नर बीपी फर्नांडिस एनसीसी कैडेट्स को दी जा रही ट्रेनिंग से संतुष्ट नजर आए। इसके बाद शिविर का समापन समारोह हुआ। इसके मुख्य अतिथि 11 वीं राज बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल बीपी फर्नांडिस ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा की कैडेट्स को भविष्य के लिए



किशनगढ़ के आरके पाटनी पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कैडेट्स को सम्मानित करते अतिथि।

तैयार रहना चाहिए। उन्हें जीवन के प्रत्येक परीक्षा में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करना चाहिए और देश सेवा के लिए तत्पर रहना होगा। महाविद्यालय प्राचार्य शिवरतन डागा ने कैडेट्स को भारतीय सेना से अनुशासन सीखने की सीख दी। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के अंडर ऑफिसर नरेंद्र कुमार, भवानी इंस्टीट्यूट मकराना के सीनियर अंडर ऑफिसर यशवंतसिंह राठौड़ और सैंट विलफ्रेड कॉलेज अजमेर के नीरज राठौड़ को पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में ड्रिल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर अंडर ऑफिसर किरण जाट, कैडेट पूजा जाट और कैडेट चुका देवी को भी पुरस्कृत किया गया।

बेस्ट वेपन ट्रेनिंग में कैडेट प्रधान जाट, सरोज चौधरी, मोनिका चौधरी और सुनील को पुरस्कृत किया गया एवं ओवरऑल शिविर में गतिविधियों के लिए कैडेट दुर्गालाल गुर्जर और अभिजीत सिंह को पुरस्कृत किया गया। अंत में महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा ने आभार जताया। समापन सत्र में 11 वीं राज बटालियन के सूबेदार प्रतापसिंह, नायक सूबेदार देवकरण जाखड़ा, हवलदार मांगूराम, संजयसिंह, सैंट विलफ्रेड कॉलेज के केयरटेकर अधिकारी विक्रमसिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

# पुत्रवधू बनाने के लिए किया था मंदबुद्धि किशोरी का अपहरण



किशनगढ़। एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत करते अतिथि।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कैडेट्स सम्मानित

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मदनगंज-किशनगढ़

रकंपा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया।

इससे पहले कर्नल बीपी फर्नांडिस के साथ ही सूबेदार मेजर राजेश्वरसिंह व लेफ्टिनेंट महेन्द्रकुमार वर्मा ने शिविर का निरीक्षण किया। समापन सत्र के मुख्य वक्ता कर्नल फर्नांडिस ने ट्रेनिंग पर संतुष्टि जताते हुए एनसीसी कैडेट्स को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. शिवरतन डागा ने कैडेट्स को अनुशासन में रहकर आगे बढ़ने की सीख दी।

इसके तहत नेतृत्व गुणों के लिए स्थानी महाविद्यालय के अण्डर ऑफिसर नरेन्द्रकुमार, भवानी इंस्टीट्यूट मकराना के सीनियर अण्डर ऑफिसर यशवंतसिंह राठौड़ व सेन्ट विल्फ्रेड कॉलेज अजमेर के नीरज राठौड़ के साथ ही ड्रिल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर अंडर ऑफिसर किरण जाट, कैडेट पूजा व चूकादेवी को पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में बेस्ट वेपन ट्रेनिंग में कैडेट प्रधान जाट, सरोज चौधरी, मोनिका चौधरी व सुनील चौधरी के अलावा ओवर ऑल कैंप में गतिविधियों के लिए कैडेट दुर्गालाल गुर्जर व कैडेट अभिजीतसिंह को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में 11 राज बटालियन के सूबेदार प्रतापसिंह, नायक सूबेदार देवकरण जाखड़, हवलदार मांगूराम, संजयसिंह, सेंट विल्फ्रेड कॉलेज के केयरटेकर अधिकारी विक्रमसिंह राठौड़ आदि मौजूद थे। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेन्द्रकुमार वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन कैडेट दुर्गालाल गुर्जर व अभिजीतसिंह ने किया।

# एनसीसी कैडेट्स को भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए : फर्नांडिस

मदनगंज किशनगढ़| राजकीय महाविद्यालय में 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर के तत्वाधान में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। समापन से पूर्व शिविर का कर्नल बीपी फर्नांडिस ने निरीक्षण किया। इस दौरान कार्नर बीपी फर्नांडिस के साथ सूबेदार मेजर राजेश्वर सिंह व लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा साथ थे। निरीक्षण कर शिविर में एनसीसी कैडेट्स को दी जा रही ट्रेनिंग पर संतुष्टि जताई। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल बीपी फर्नांडिस ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें जीवन के प्रत्येक परीक्षा में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करना चाहिए और देश सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राजकीय कॉलेज के अंडर ऑफिसर नरेंद्र कुमार, भवानी इंस्टीट्यूट मकराना के सीनियर अंडर ऑफिसर यशवंत सिंह राठौड़, सैंट विलफ्रेड कॉलेज अजमेर के नीरज राठौर, ड्रिल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली अंडर ऑफिसर किरण जाट, कैडेट पूजा जाट, कैडेट चुका देवी, बेस्ट वेपन ट्रेनिंग में कैडेट प्रधान जाट, कैडेट सरोज चौधरी, कैडेट मोनिका चौधरी, कैडेट सुनील, ओवरऑल कैंप में गतिविधियों के लिए कैडेट दुर्गा लाल गुर्जर व कैडेट अभिजीत सिंह को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य शिवरतन डागा, 11 राज बटालियन के सूबेदार प्रताप सिंह, नायक सूबेदार देवकरण जाखड़, हवलदार मांगूराम, संजय सिंह, विक्रम सिंह राठौड़, दुर्गालाल गुर्जर, अभिजित सिंह आदि उपस्थित थे।



एनसीसी शिविर में कैडेट्स को सम्मानित करते अतिथि।

## रविदास जयंती आज

मदनगंज किशनगढ़| रेगर समाज प्रगतिशील संस्थान के तत्वावधान

## घुटने का किया सफल प्रत्यारोपण


मदनगंज-किशनगढ़| सुमेर सिटी स्थित महालक्ष्मी ऑर्थोपेडिक अस्पताल में

राजस्थान पत्रिका
अजमेर, गुरुवार, 25 फरवरी, 2021
patrika.com



पाटनी गर्ल्स

वर्षों से कॉलेज दिवस की परेड रही हैं। प्राचार्य भी सभी सदस्यों कार्य करते हुए की तरफ बढ़ने किया। प्रभारी के एनएसएस के क एस. पी. संपर्क अधिकारी य समन्वयक मौजूद रहे।



कल कर्मी।

का प्रयास शुरू



किशनगढ़ के आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेमीनार को सम्बोधित करती वक्ता। पत्रिका

## सेमिनार में बताए स्वस्थ्य रहने के तरीके

# 'आहार-विहार, विचार और व्यवहार में संतुलन जरूरी'



किशनगढ़ के आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेमीनार में योग करती एनसीसी कैडेट्स।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**मदनगंज-किशनगढ़.** आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आइक्यूएसी और एनसीसी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय सेमिनार बुधवार को हुई। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विषय पर हुई सेमिनार की मुख्य वक्ता सह आचार्य अलका पारीक एवं अलका जैन रही। सह आचार्य पारीक ने व्याख्यान में बताया कि मनुष्य को शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और सामाजिक दृष्टि से स्वस्थ रहना ही जीवन का अर्थ है। स्वस्थ रहने के लिए अपने जीवन शैली में आहार-विहार, विचार और व्यवहार में संतुलन बनाए रखते हुए सचेत रहना चाहिए। इसके लिए संतुलित आहार अति आवश्यक हैं। साथ ही प्राणायाम और योग भी उपयोगी होता है। सह आचार्य जैन ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के व्यावहारिकता को जीवन में अपनी दिनचर्या में पालन करना बताया एवं छात्रों को अपना पहला कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आइक्यूएसी की प्रभारी गीता शर्मा ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए आहार-विहार व योगा दोनों ही महत्वपूर्ण बताया। कॉलेज के सहायक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा ने अनुशासन को स्वास्थ्य का प्रमुख आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन शोभासिंह ने किया। उक्त सेमिनार में 11 वीं राज बटालियन एनसीसी के सूबेदार प्रतापसिंह, नायक सूबेदार देवकरण जाखड़ व हवलदार मांगूराम भी मौजूद रहे।